राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, अपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, टोंक रोड., जयपुर–302015
फोन : 0141–4004914 **Website:** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2021/167 **दिनांकः**–31/12/

–::सार्वजनिक सूचना::–

विषय : प्रवेश सत्र 2020–21 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालय/संस्थानों में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सर्व साधारण व समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2020–21 में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालयों/संस्थानों में तीन चरणों की काउन्सलिंग के माध्यम से नियमानुसार पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी आवंटन किये गये थे, जिसके पश्चात् भी कुछ महाविद्यालय/संस्थानों में विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु सीटें रिक्त रह गई है, जिसकी सूची विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में द्वारा याचिका संख्या 16082/2021 सोसायटी ऑफ प्राईवेट पैरामेकिल इन्स्टीट्यूशन्स बनाम राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 09.12.2021 की पालना में रिक्त रही सीटों के लिए याचिकार्थी से संबद्ध महाविद्यालय/संस्थान एवं अन्य सभी महाविद्यालय/संस्थान, जिनमें सीटें रिक्त रह गई हो, अपने स्तर पर अभ्यर्थियों से ऑन–लाईन फार्म प्राप्त कर कोर्सवार मेरिट सूची कौंसिल को प्रस्तुत करेंगे।

आवेदन प्राप्ति के उपरान्त सभी महाविद्यालय/संस्थान योग्य अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के पोर्टल पर संस्थान की SSO ID के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें। प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
1	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त करना।	03.01.2022 से 08.01.2022 तक
2	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों की प्राथमिक जांच।	10.01.2022
3	महाविद्यालय/संस्थान अपनी SSO ID से मेरिट के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों की सूची मय दस्तावेज कौंसिल को प्रस्तुत करने की तिथि।	11.01.2022
4	अग्रिम प्रशिक्षण शुल्क राशि 10,000/– जमा कराने की अन्तिम तिथि	15.01.2022 तक
5	कौंसिल की जांच/काउन्सलिंग के उपरान्त वरियतानुसार योग्य चयनित अभ्यर्थियों के प्रोविजनल आवंटन पत्र डाउनलोड/जारी करने की तिथि।	17.01.2022
6	महाविद्यालय/संस्थान में उपस्थिति प्रस्तुत करने की तिथि।	17.01.2022 से 21.01.2022 तक

संलग्नः– प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश।

(कैलाश नारायण मीना)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2021/167 **दिनांकः**– 31/12/

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचनार्थ।
3. सत्र 2020–21 में पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
4. सर्वररूम प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही वैबसाईट पर अपलोड करावें।
5. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार